हिंदी दैनिक
UPHIN/2021/89882
# नवग्रह टाइम्स
navgrahtimes@gmail.com facebook.com/Navgrah-Times @NavgrahTimes
वर्ष-04 अंक-153 मंगलवार, 03 दिसंबर-2024 (गाजियाबाद) पेज-8 मूल्य-3

आनंद सेवा समिति
नवजात बेटियों का सम्मान
मेरी पहली प्राथमिकता।
नवजात बेटी पैदा होने पर
अध्यक्ष
ममता सिंह

# साहित्य अकादेमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन 6 दिसंबर से

## 15 दिसंबर तक चलेगा पुस्तक मेला

पुस्तकायन
साहित्य अकादेमी पुस्तक मेला
6-15 दिसंबर 2024

**अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत एवं लेखक नवतेज सरना करेंगे उद्घाटन**

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी विगत वर्षों की भाँति सफलतापूर्वक आयोजित पुस्तकायन पुस्तक मेले का तृतीय संस्करण अपने परिसर में 06 से 15 दिसंबर 2024 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 8 बजे तक करने जा रही है। पुस्तक मेले का उद्घाटन 6 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रख्यात अंग्रेजी स्तंभकार, लेखक एवं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत नवतेज सरना करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे और समापन वक्तव्य साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार रंजना चोपड़ा एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी भी उपस्थित रहेंगी। इस बार पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तक संस्कृति और पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पुस्तकायन पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही युवा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किए जाऐंगे।

दस दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले के दौरान आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में हिंदी कवि सम्मिलन,युवा साहिती, बहुभाषी कविता-पाठ, मुशायरा, लघुकथा पाठ एवं विभिन्न विषयों पर परिचर्चा भी आयोजित होगी। बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कविता-प्रस्तुति एवं कहानी प्रस्तुति के कार्यक्रम भी रखे गए हैं।

साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी परिसर में तीसरी बार आयोजित किए जा रहे इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त देश के अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशकों की पुस्तकें विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।